अपराध से मुक्त करेंगें और अपराधों को राजनीति में नहीं आने देंगे। यही मुझे कहना था। धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY): Anyway, nobody concludes that all politicians are cirminals.

श्री संघ प्रिय गौतम : महोदय, यह जो चर्चा है इसे कल के लिए कर दीजिए । वोहरा कमेटी की रिपोर्ट पर जो चर्चा है, इसे कल के लिए कर दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY): Now, we have this Half-An-Hour Discussion. At 5.30 p.m. Rajesh Pilotji Made a statement yesterday on LTTE escape from Vellore Special Camp. We will have to have clarifications from 5.30 p.m. Therefore, I do not think Jliat the rest of the discussion on the Vohra Committee Report can be taken up today. Naturally, it can be taken up tomorrow, including the reply.

SHRI DINESHBHAI TRIVEDI: Can I make a point here if you don't mind, on this Vohra Committee Report? Hon. Shri Gujral also mentioned that the way we are treating the whole thing, I do not mean to say that it is done intentionally. But just yesterday, suddenly at about 4 o'clock the business was included saying that we will discuss the Vohra Committee Report because there is no other business before the House. Today, in the morning it was said no Vohra Committee Report, we will discusss J&K. I suddenly found at 2.30 p.m. that we were already discussing the Vohra Committee Report, I do not think that this subject requires such a, — if I may use the word, I may be pardoned, — callous treatment, without any intention,—I do not attribute any motives or intentions; but I feel that even if we are going to discuss it tomorrow, then we should know that; yes we are discussing it tomorrow. It should be very specific Sir.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY): Yes, it will be taken up tomorrow. The rest of the discussion will be held tomorrow and the Home Minister will reply also.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

On points Arising out of Answer to Unstarred Question 641 Given on the 16th March, 1995 Regarding Trade of Vital Human Organs

डॉ मुरली मनोहर जोशी (**उत्तर प्रदेश**) : उपसभाध्यक्ष महोदय , मैं आपका बहुत अभारी हूं कि आपने मुझे इस परिचर्चा को शुरू करने का अवसर दिया। यह सवाल मैंने अतारांकित प्रश्न संख्या 641 , 16.3.1995 को राज्य सभा में किया था और उसमें मैंने यह प्रश्न किया था कि क्या सरकार यह बताएगी, उस समय प्रधानमंत्री जी इस मंत्रालय का काम देख रहे थे अतः मैंने प्रश्न किया था कि क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)क्या सरकार को गुर्दो और अन्य महत्वपूर्ण मानवीय अंगों की विदेशी प्राप्तकर्ताओ को की जाने वाली ब्रिकी के मामलों मे हो रहे रही वृद्धि संबंधी समाचारों की जानकारी हैं? यदि हां तो इस संबध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं?

(ख) क्या सरकार को इस व्यापार में दलालों, डाक्टरों और दानकर्ताओं के बीच सांठ-गांठ होने के संबंध में जानकारी हैं? यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

(ग) क्या यह सच है कि अंग प्रत्यारोपण संबंधी नये अधिनियम के उपबंधों के कारण यह कार्यकलाप चोरी – छिपे किये जाते है? यदि हां तो इस स्थिति का सामना करने के लिए क्या निवारक उपाय किये जाने का विधान है?

इसका जवाब सरकार ने दिया कि सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है और बाकी "ब" और "स" का जवाब दिया था कि जी नहीं । इसका अर्थ यह है कि 16 मार्च तक सरकार के पास कोई जानकारी नहीं थीं कि हिन्दुस्तान में गुदों का अनैतिक व्यापार, मानवीय अंगों का अनैतिक व्यापार हो रहा है। मैंने उस समय के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखा और उनको कहा कि देखिए आपने यह जवाब दिया हैं। लेकिन मेरे पास जो समाचार पत्रों के माध्यम से सूचनांए हैं वह यह हैं और उन समाचारों की मैंने विलपिंग लगाकर उनको भेज दी इस पर उन्होंने कहा कि हमें कोई जानकारी नहीं है। श्रीमन् यह समाचार पत्रों में छपा हुआ है, दिल्ली के समाचार पत्रों मे छपा हुआ है। मुझे यह देखकर धक्का लगा और बहुत अचंभा हुआ कि केन्द्रीय सरकार दिल्ली में बैठकर यह कहती है कि इसकी कोई जानकारी

= नहीं हैं । इसके पश्चात् सिलवेरा साहब ने जवाब दिया कि मुझे आपकी चिट्ठी मिल गयी।

श्री विष्णुकान्त शास्त्री (**उत्तर प्रदेश**) : उपसभाध्यक्ष महोदय मंत्री लोग आपस में बात कर रहे हैं। एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बात हो रही हैं। अगर आपको गोष्ठी करनी है तो आप बाहर जाकर कर सकते हैं।

डॉ मुरली मनोहर जोशी : उसके बाद उन्होंने 31 मार्च की चिट्ठी का जवाब 27 अप्रैल को दिया और यह कहा कि इस बारे में आपकी चिट्ठी मुझे मिली । फिर मैंने उनको चिट्ठी लिखी कि आपने मुझे 27 अप्रैल को जवाब दिया कि आपकी चिट्ठी मुझे मिल गयी लेकिन आपने इस बारे में कोई समाधान नहीं किया ।16 मार्च से मैं आपसे पत्र-व्यवहार कर रहा हूं उसके बाद मैंने अपने नेता को सूचित किया और चैयरमेन साहब को सूचित किया कि सरकार ने जो जवाब दिया है वह गलत है, उसको सुधारा जाए, उसको ठीक किया जाए और सही जवाब दिया जाए। लेकिन उसके बाद भी कोई जवाब नहीं आया। फिर मैंने 17 मई को चिट्ठी लिखी और उनको फिर उन समाचारों की क्लिपिंग भेजी और कहा कि निरन्तर जो सूचनांए मिल रही हैं उनके अनुसार इस देश में गुदों का अनैतिक व्यापार हो रहा है, मानव अंगों का अनैतिक व्यापार हो रहा है और बहुत से लोगों को हिन्दुस्तान के गरीब लोगों के गुर्दे निकाते जा रहे हैं। लेकिन इसका भी कोई जवाब नहीं आया ।इसके बाद फिर अगस्त में सवाल आया और उस पर भी सरकार ने वहीं जवाब दिया कि इस बारे में हमारे पास कोई सूचना नहीं है। फिर मंत्रालय को लिखकर भेजा कि मुझे बहुत आश्चर्य की बात लगती हैं कि 23 मई की मेरी जो चिट्ठी है, उसका जवाब मुझे नहीं मिला। उसके बाद फिर मैंने 12 जुलाई को चिट्ठी लिखी । उसका जवाब मुझे यह दिया गया कि:

> "The undersigned is directed to refer to Rajya Sabha Secretariat's O.M. No .....dated 9th May, 1995, on the subject mentioned ;ibove and to say that in view of the factual position explained vide this Ministry's O.M. of even number dated 4th May, 1995, and the fact that no statistics or authentic information whether the trade of kidneys and other vital humanorgans to recipients abroad has been increasing or decreasing and that the trade in such matters is a clandestine one, the reply given to the above mentioned Rajya Sabha Unstarred Question No. 641 answered on 16th March, 1995 was correct and the Minister of State for health & Family Welfare does not desire to correct it. This issues with the approval of Minister of State for Health & Family Welfare.

यह मुझे राज्यसभा की ओर से 12 जुलाई को चिट्ठी मिली हैं जिसमें से आपके मंत्रालय ने इस बात कि पुष्टि की कि उनके पास कोई जानकारी नहीं है। यह तो बहुत ही विचित्र बात हैं कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस देश में क्या हो रहा है, क्या परिस्थिति है। जनवरी 1995 में खबर छपी थी, नयी दिल्ली से प्रकाशित होने वाले हिन्दुस्तान टाइम्स में, जिसमें यह कहा गया कि:

> "The doctor who works for a leading non-governmental organisations here said, after hard interrogation,the suspects confessed to have allowed themselves to be taken to a Latin American country for removal of their kidneys in return for hard cash. According to the doctor, the donors told him that their kindneys were actually destined for organ-failure victims in the United States and hundreds of others had gone on the 'kidney tour' before them."

हजारों लोग हैं जो हिन्दुस्तान से बाहर ले जाए गए हैं, जिनकी किडनी निकाली गयी है ।ये लैटिन अमैरिका से युनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका भेजी गई हैं क्योंकि अमेरिका में इस बारे में बहुत सख्त कानून हैं और वहां कोई जिंदा आदमी अपने अंगों का व्यापार नहीं कर सकता, वह अपने किसी अंग को नहीं बेच सकता । उसके बाद आगे चलकर कहते हैं कि :

> "Doctors would receive hefty dollar payments in accounts maintained abroad from a foreign client while the donor gets a paltry five or ten thousand rupees for risking his life and losing a valuable organ."

यह जनवरी 1995 में है और मार्च 1995 में आपका जवाब मिलता है कि आपको कोई जानकारी नहीं हैं। उसके बाद 31 जनवरी ,1995 का इंडियन एक्सप्रेस कहता हैं कि

> "Velu, who worked as a coolie in the City Market here for some years, told 'Indian Express' that Yusuf, an agent from Bangalore, who frequented his village, had approached him promising a job in the city."
>
> "He was taken to a room in Sultan-palya in Bangalore where he was kept for a week. It was then suggested to him that he donate blood to meet his daily expenses until he got a job."

वह ले जाया गया इसलिए कि उससे खून डोनेट कराया जाए, लेकिन उसका गूर्दा उतार लिया गया। मैं उस लम्बी तफसील में नहीं जाना चाहता हूं । इण्डियन एक्सप्रेस में पूरा ब्यौरा छपा हुआ है कि किस तरह से लोगों को धोखा दे कर खास तौर से खून डोनेट करने के बहाने उनके गूर्दो निकाल लिये जाते हैं। फिर आप आगे चलेंगे तो आपके बंगलौर के जो होम मिनिस्टर है पी.जी. आर. सिंदिया उन्होंने चार फरवरी को बया न दिया –

> "Mr. Sindhia said the City Police had been receiving complaints from persons deprived of kidneys for quite some time now. An investigation squad had been formed which found that the illegal business was going on since latter part of 1990 in some reputed hospitals in Bangalore."

1990 से तो कम से यह व्यापार चल रहा हैं । आपकी सरकार को मालूम है, आपकी राज्य सरकारों को मालूम हैं । अखबारों में खबरें छप रही हैं। आपका मंत्रालय कहता है कि सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है, सरकार के पास कोई स्टेटैस्टिक्स नहीं है, उसे यह पता नहीं है कि यह व्यापार हो रहा है अनैतिक ढंग से यह हो रहा है। तमाम खबरें छप रही हैं मुझे बहुत आश्चर्य होता हे कि स्वास्थ्य मंत्रालय क्या काम करता हैं। उसके बाद फिर पांच मार्च, 1995 को यह "टेलीग्राफ" कलकत्ता में खबर छपी हैं।

> "The agents reportedly got Rs. 1,000 to Rs. 3,000 per donor who, in turn, was paid around Rs. 10,000 to Rs. 40,000. The uproar is over the clinics having milked several lakhs of rupees from foreign clients.
>
> The Bombay police, not to be outdone, raided Kaushalya clinic at Khar last week leading to the arrest of Dr. Santosh Raut and Dr. Abhay Dalwi. Later, a neurologist, Dr. Ashiq Ahmad Rawal, was arrested for 'robbing' a kidney from a patient. Abdul Hasan, a recepient from Yemen reportedly paid 10,000 dollars for the operation at Kaushalya clinic,..."

तीन लाख रूपये वहां से लिये जाएं और उसके बाद इस आदमी को 20 हजार, 25 हजार 10 हजार दे दिये जाएं । यह क्या हो रहा है? इस देश के अन्दर लोगों को आप गुर्दा बेचने पर मजबूर कर रहे हैं । क्यों कर रहे हैं इसका मैं जवाब दूंगा। कि वह कहते हैं-

> "Patients from Germany, Japan and the Gulf are said to be the chief beneficiaries. They prefer India (China being the second donor country) since the cost of transplant is a fraction of what it is in their own countries."

ऐसी तमाम खबरें मैं पहले आपके विभाग को, आपके मंत्रालय को भेज चुका हूं यदि आप चाहें तो यह समाचार मैं आपको दे सकता हूं। सवाल यह हैं, हालत यह है कि इस तरह की तमाम चीज़े हो रही हैं और आपका मंत्रालय चुप बैठा हुआ है तो इससे कई सवालात पैदा होते हैं। , एक सवाल तो यह पैदा होता है कि इस देश में लोग क्यों गुर्दा बेचने के लिए मजबूर किये जा रहे हैं। यह तमाम लोग किस इलाके के लोग हैं, कहां से यह लोग आते हैं और सरकार का इन मामलों में क्या एटीट्यूड है। आज तमिलनाडु में, केरल में और आन्ध्र प्रदेश में ऐसे गांव के गांव हैं जिनमें एक भी आदमी ऐसा नहीं है जिसका गुर्दा साबुत बचा हो। कहां गये गुर्दे ? यहां अभी दिल्ली में एक केस हुआ है। वह तो और भी हैरतअंगेज है जिसके बारे में मैं आपको बताऊं तो आपको पता लग जाएगा कि आपकी सरकार क्या कर रही है। यह नई दिल्ली का किस्सा है और यह पहली अगस्त को हुआ है।

"A Tis Hazari metropolitan magistrate has directed the DCP (Crime) to conduct an enquiry into the circumstances in which a walled city resident was forced to sell one of his kidneys to a Bombay hospital.

The man, Ashiq Ali, was arrested on July 27 by Jama Masjid police under the Arms Act. he was produced in Mr. Vinod Sharma's court at Tis Hazari the next day with a pica to remand him in judicial custody.

During the hearing in Mr. Sharma's court, Ali came up with a startling disclosure. Pleading that he be freed on baid on medical ground, he told the court that owing to his poor financial condition, he had sold one of his kidneys in 1993 to a Bombay-based private hospital for a paltry sum of Rs. 30,000/-. 'I was coerced by some brokers into selling off my kidney', he said, adding: 'I had no other means to survive and my poverty was exploited for petty gains by the immoral and inhuman doctors who had been running the racket for many years."

यह अहम सवाल इसमें से पैदा होता है कि यह लोग अपनी गुरबत की वजह से निर्धनता की वजह से अपने आर्थिक अस्तित्व को बचाए रखने के लिए, जीवन को बचाए रखने के लिए अपनी गुर्दो और अंगों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। वित्त मंत्री जी यहां नहीं हैं वह तो रोज। अपने पांच वर्ष के रिफार्म्स आर्थिक नीति की किस तरह से दुहाई देते रहे हैं । कि हम जो कुछ कर रहे हैं वह गरीबों तक पहुंच रहा है। प्रधान मंत्री रोज लाल किले से चिल्लाते हैं कि हिंदुस्तान के अंदर जो कुछ हम आर्थिक नीतियां ला रहे हैं वे गरीबों के फायदे के लिए आ रही हैं। आपके कामर्स मिनिस्टर और इंडस्ट्री मिनिस्टर रोज यही कहते हैं। आपकी सारी पार्टी रोज यही कहती हैं। लेकिन यह हो रहा है कि आपकी आर्थिक नीतियों का नतीजा जो हिंदुस्तान के गांव के लोगों को अपना जीवन और अपना अस्तित्व बचाने के लिए अपने गुर्दे बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं। आपने हिंदुस्तान को न केवल मल्टी नेशनल्स के कंज्यूमर गुड्स का बाजार बनाया है बल्कि आपने हिंदुस्तान को एक मीट शाप बना दिया है जिसमें लोग अपने गुर्दे बेच रहे हैं। यह गुर्दों का बाजार आपने बना दिया है। आप गुर्दो फरोशी का काम कर रहें हैं इस देश के अंदर गुर्दा तराशी का काम कर रहे हैं इस देश के अंदर ।ये हालात आज आपने पैदा कर दिए हैं...(**व्यवधान**)...

आज तमिलनाडु में, केरल में आन्ध्र में ऐसे तमाम गांव हैं जिनमें एक भी ऐसा आदमी नहीं है जिसका गुर्दा साबित बचा हो । पहले मैं यह समझता था कि शायद यह समस्या उन दक्षिण राज्यों गरीबी के अंदर ही हैं लेकिन अभी पिछले दिनों इलाहाबाद में एक घटना हो गयी, दिल्ली में एक घटना हो गयी । आज सारे हिंदुस्तान के अंदर ये घटनाएं हो रही हैं। आप जरा मालूम करें कि वे कौन लोग हैं। कहीं पर आशिक अली है, कोई युसुफ है। ये कौन लोग हैं। ये वही हैं जिन जिन लोगों को आप रोज कहते रहते हैं कि हम तमाम इस हिंदुस्तान के लोगों को, नागरिकों को अल्पसंख्यकों को बचा रहे हैं। आप नाम देंखे । मैं सरकार से बार बार कहना चाहता हूं कि आप बताएं जरा इन गांववसियों के नाम। क्या हैं? वे कौन लोग हैं? तो आपको पता लगेगा कि आप अल्पसंख्यकों के गुर्दे बहुत ज्यादा मात्रा में बिकवा रहे हैं। यह आप हत्यारी सरकार के तौर पर काम कर रहे हैं। मैं आप पर आरोप लगाता हूं कि आपने इस मुल्क के अंदर लापरवाही जानबूझकर बरती है और आप विदेशों के अंदर हिंदुस्तान के इन अंगों को सस्ता बेच रहे हैं। आप यहां से 45 हजार महिलाओं को बाहर भेजना चाहते हैं सिंगापुर और मलेशिया में, जो यहां से जाकर नौकरी करेंगी। मुझे पता नहं उनमें से कितनों के गुर्दे और जिगर साबित बचकर आंएगे । कौन से अंग उनके बचेंगे और कौन से नहीं बचेंगे?

यह बहुत अहम सवाल खड़ा हो गया है इसमें से कि आज पूरे गांव के गांव खरीदे जा सकते हैं, बस्तियां खरीदी जा सकती हैं। मल्टी नेशनल्स लोगों को ब्रोकर बनाकर कंट्रेक्ट कर सकते हैं कि हमें 10 हजार आंखे चाहिए और आपको ठेका दे दिया हैं। हमको 20 हजार हाट्र्स चाहिए, दिल चाहिएं । ऐसे किस्से आ रहे हैं जिनमें छोटे बच्चों को अस्पताल ले जाया जा रहा है और उनके अंग निकाले जा रहे हैं और वे बेचे जा रहे हैं। शर्म आनी चाहिए इस सरकार को, इस एडमिनिस्ट्रेशन को जो अपने देश के गरीबों और अपने देश नेनिहालों के अंगों को बेचकर उनको जीवित रहने के लिए मजबूर कर रहा हैं। यह कैसी सरकार हैं? यह क्या इंतजाम हैं? क्या प्रबंध हैं? इस देश को शर्म आनी चाहिए। यहां बच्चों के

छिपाना चाहते हैं। मुझे शक होता है कभी-कभी कि शायद वे लोग भी इस जघन्य अपराध में शामिल हो जहां लाखों रूपये के और करोड़ों रूपये के लेन-देन हुए हैं। इन्हीं पत्रों में लिखा हुआ है कि विदेशी एकाउंट्स में उन डाक्टरों के पैसे जमा होते हैं जो गुर्दे का व्यापार यहां करते हैं। पैसे यहां कम दिए जाते हैं और बहुत अधिक पैसे उन विदेशी बैंकों में जमा किए जाते हैं। क्या आप इन तमाम डाक्टरों के विदेशी खातों की जांच-पड़ताल करेंगे? क्या आप इस बारे में इस देश को आश्वस्त करेंगे कि इस देश की गरीबी का, मज़बूरी का, विवशता का नायायज़ फायदा इस देश का कोई चिकित्सा अधिकारी, कोई दलाल, कोई इस प्रकार विदेशी नागरिक नहीं उठाने पायेगा? ये सवाल है जो इसमें उभर करके आते हैं।

फिर मैं आपसे यह भी कहूंगा कि क्या आप कुछ ऐसा इंतजाम करेंगे कि अगर किसी भाई को, किसी बहन को गूर्दा ट्रांसप्लांट हुआ है प्रत्यारोपित हुआ है तो इस है तो इस बारे में सूचना डाक्टर बराबर किसी एजेंसी को देगा कि इस मनुष्य का, इस व्यक्ति का, इस मरीज का फ्लाना अंग, अमुक अंग प्रत्यारोपित है, इसका जिगर प्रत्यारोपित है, इसका हृदय प्रत्यारोपित है, इसमें हमने यह आंखों का रेटिनल ग्राफ्टिंग किया हैं? ये तमाम चीज़े क्या आप कोई एक ऐसी एजेंसी बनायेंगे कि जिसके पास देश भर कि सूचना रहे कि जो तमाम बातें जहिर कर सके अगर मालूम करना हो कि अमुक व्यक्ति को जो गुर्दा लगा था वह कहां से आया था, किसका था और यह डाक्टर के ऊपर मेंडेटरी हो, यह उसके ऊपर कानूनी बाध्यता हो कि वह उस सारी सूचना को उस एजेंसी को या उस अधिकरण को देगा जो कि सरकार इस मामले में बनायेगी?

महोदय, यह प्रश्न बहुत गंभीर है और मैं ऐसा समझता हूं कि सारे सदन को, देश को और देश की सरकार को इस पर चिंता करनी चाहिए । यह प्रश्न देश की आर्थिक स्थिति से जुड़ा है। यह देश की चिकित्सा प्रणाली से जुड़ा है । मानव कल्याण से जुड़ा हुआ है। सब से बड़ी बात तो यह है कि यह देश के स्वाभिमान से जुड़ा है। क्या हिन्दुस्तान आज दुनिया में इस काबिल गिना जाएगा कि यहां के लोग अपनी भूख मिटाने के लिए, अपने जीवन को सन्तुष्ट रखने के लिए, अपने बच्चों की परवरिश के लिए आज अपने अंग बेचने को मजबूर हो गए हैं? कोई भी सरकार जो इन आंकड़ों को छिपाती है वह सच पूछिए तो देश की दयनीय हालत को देश से छिपाना चाहती है। मुझे कभी-कभी लगता है कि शायद इसके लिए आप खुद जिम्मेदार हैं, क्योंकि सरकार की नीतियां इस बात के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए सरकार शर्म से इन आंकड़ों को छिपाना चाहती है। दिस इज़ ए शेम ऑन दिस गवर्नमेंट कि इस तरह की हरकत इस देश में हो रही हैऔर सरकार ने आज तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया। सरकार इस मामले में देश को

गुमराह कर रही है। मैं चाहूंगा कि सारे तथ्य सदन के सामने रख जाएं और इन सवालों का ठीक-ठाक जवाब दिया जाए। इस अमानवीय व्यापार को रोकने के लिए कड़े से कड़े कदम उठाए जाएं और इस सब की आश्रस्ति सदन की दी जाए । मैं चाहूंगा कि सरकार सदन और देश को आश्वृस्त करे कि हिंदुस्तान में कोई आदमी भूट मिटाने के लिए अपने गूर्दे और अपना जिस्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। महोदय, अगर देश को इस हालात में ले जा सकें तो देश का कल्याण होगा वरना मैं आप से कहूंगा कि कृपा कर के स्थान खाली करें और उन लोगों को आने दें जोकि देश के लोगों की रक्षा कर सकें, उन के शरीर की रक्षा कर सकें, उनके अंगों की रक्षा कर सकें।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : ऐसे कौन लोग हो सकते हैं?

डा. मुरली मनोहर जोशी : ऐसे बहुत लोग हो सकते हैं।

सिमनभाई मेहता (गुजरात) : हैं ऐसे लोग देश में?

डा. मुरली मनोहर जोशी : ये तो नहीं है और चाहे जो कोई भी हो ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : अंतुले साहब, इन के लिए कुर्सी खाली नहीं कीजिएगा।

डा. मुरली मनोहर जोशी : आप किसी के लिए खाली मत कीजिएगा मगर उनके लिए खाली कीजिएगा जो इस काम को कर सके। अगर मैं कर सकूं तो मेरे लिए खाली कीजिए, आप कर सकें तो आप के लिए खाली कीजिए। उपाध्यक्ष महोदय, अभी तक तो मैं समझाता था कि राजेश पायलट जी का"नेक्स्स" मुलायम सिंह जी से है, आज सत्य प्रकाश जी से भी हो सकता रहा है। यह बहुत खुशी की बात हैं। धन्यवाद।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट): आप से भी है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY): Joshi Ji has raised the discussion. The practice is that the hon. Minister will reply. Afterwards, if some

अंग,लोगों के अंग बचाए जाने चहिए। अमेरिका और यूरोप में कानून है कि कोई जिंदा आदमी अपने अंगों को नहीं बेच सकता हैं। वह खरीदा नहीं जा सकता हैं। वहां रोकथाम है तो क्या इसलिए आप यहां से अपने अंगों को बाहर सस्ते दामों में भेज रहे हैं और उन लोगों को खरीदने के लिए स्थितियां पैदा कर रहे हैं।

मैं इसलिए कह रहा हूं कि यह बहुत अहम सवाल है। छोटा सवाल नहीं है और इस बारे में सरकार का जो एटीटयूड है वह इतना खराब है, इतना लज्जाजनक है कि मुझे शर्म आती है कहते हुए। यह सरकार कोई काबिल सरकार नहीं है जो अपने मानव अंगों के साथ इस प्रकार की व्यवस्था कर रही है। फिर मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि सरकार अभी तक इस तरह की जानकारी इकट्ठा करने में क्यों असफल रही हैं? क्या सरकार हमें बताएगी, इस सदन को मंत्री महोदय,बताएंगे कि ऐसे कौन कौन से गांव हैं जिनका मैंने उल्लेख किया, उनके अलावा जो अखबारों में छपे हैं, जहां कितने लोग ऐसे हैं जिनका गूर्दे और बाकी मानव अंग बेचे जा चुके हैं। जिनके गुर्दे और बाकी मानव अंग बेचे जा चुके हैं। सरकार इसकी रोकथाम करने के लिए क्या करेगी? उनसे कारण पूछेगी कि नहीं पूछेगी कि वे क्यों ऐसा करने पर मजबूर हुए। उनकी गरीबी को दूर करने के लिए सरकार क्या उपाय करेगी? वे सवाल इसमें से निकले हैं।

इसलिए मैं चाहूंगा कि आप इसका सर्वेक्षण कराएं और संजीदा सर्वेक्षण कराएं। इस सर्वेक्षण में न केवल इस बात की जानकारी हो कि तुमने कहां और किसको गुर्दा बेचा बल्कि यह बात भी पूछा जाए कि गूर्दा क्यों बेचा, तुम यह गुर्दा बेचने पर क्यों मजबूर हुए। तुम्हारी ऐसे हालत क्यों हुई। यह अगर आप कराएंगे तो इससे आपको देश की असली हालत का पता लगेगा, उस तस्वीर का पता लगेगा जो तस्वीर आज हिंदुस्तान की पिछले पांच सालों में आपने बनायी हैं।

मैं फिर यह कहना चाहूंगा कि आपके मानव अंगों के प्रत्यारोपण के विरोध में जो कानून बना है,उस कानून के बन जाने के बाद जो लोग ऐसा कर रहे हैं उन पर आप क्या कार्यवाही कर रहे हैं। उनको आप किस तरह से सजा देगें ?यह तो बिल्कुल एक नृशंस कृत्य है, अमानवीय कृत्य है, ऐसा कृत्य है जिसके लिए बिल्कुल वैसा ही दण्ड दिया जाना चाहिए जैसा किसी और जघन्य अपराधी को देते हैं। क्या आप इसके बारे में इस देश की दण्ड व्यवस्था में भी कोई व्यवस्था करेंगे।

यह मैं आपसे सवाल जानना चाहता हूं। फिर मैं यह भी जानना चाहूंगा कि वह जो मैडिकल पसेनिल हैं, जो चिकित्सा अधिकारी हैं, जो यह काम कर रहे हैं, उनमें से

आपने एक डाक्टर को बंद कर दिया, दो अस्पतालों को देख लिया, इतने से काम नहीं चलेगा । लेकिन एक भारी संख्या में रैकेट हैं। हजारों की संख्या में रैकेट हैं। यह एक शहर में नहीं, हर शहर में इस तरह का काम हो रहा है, व्यापार हो रहा है, मानव अंगों का व्यापार हो रहा है। तो इन व्यापार करने वालों का आप इन चिकित्सकों का क्या करेंगे, उन दलालों का क्या करेंगे. जो इस तरह मानव की मजबूरी का नायायज़ फायदा उठा रहे हैं और मानवता के साथ इस प्रकार का क्रूर नृशंस अत्याचार कर रहें हैं? उनके लिए आप क्या करेंगे ? क्या आप उनके नाम छापेंगे? मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या आप इस तरह के तमाम उन डाक्टरों का और उन अस्पतालों का जहां इस तरह के काम होते हैं उनकी पूरी सूची सारे देश को बताय देंगे जिसे यह पता लग सके कि इन अस्पतालों में अगर आप जायेंगे और खून देने के बहाने अगर आप ले जाये जायेंगे तो वहां आपका गुर्दा निकाल लिया जाएगा? आप इसको सूचित करें, इसको बताएं । मैं इसमें यह भी जानना चाहूंगा कि क्या आप अपने कानून का फिर से निरीक्षण करेंगे? आपने उसके अनुसार क्या रूल्ज बनाए हैं? अगर यह कानून नाकाफी है तो आप इस कानून को और अधिक सख्त बनाने के लिए और अधिक व्यवहारिक बनाने के लिए जिससे यह अनैतिक कार्य न हो सके। नृशंस कार्य न हो सके, क्या आप अपने इस कानून ह्ययूमैन आगेन्स ट्रांसप्लांट एक्ट 1995 पर फिर से गौर करेंगे, इसमें सुधार करेंगें और इसको और मजबूत करेंगे, इसमें आप संशोधन लायेंगे? फिर मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकार इन बातों का क्यों छिपाना चाहती हैं? मुझे अफसोस इस बात पर हुआ कि इतनी जानकारी होने के बाद, प्रैस क्लिपिंग्स देखने के बाद आपका मंत्रालय इतना निर्मम है, केलस है, इतना इर-रेसपांसिव है, संवेदनशून्य है कि उसे मानव जीवन की कोई परवाह ही नहीं हैं। यह कैसे अधिकारी आपके मंत्रालय में बैठे हैं जिन्हें इस बारे में कुछ भी चिंता नहीं है और वस्तुस्थिति को सदन से छिपाना चाहते हैं, देश से छिपना चाहते हैं? आखिर क्या वजह है कि जो सरकार इन आंकड़ों को देने में अपनी मज़बूरी जाहिर करती है? क्या सरकार के पास ऐसी व्यवस्थाएं नहीं है? अगर ऐसे आपके कुछ अधिकारी है जो कि वस्तुस्थिति को छिपा रहे हैं, क्या आप उनको दंडित करेंगे? मैं समझता हूं कि ऐसे अधिकारी चिकित्सा विभाग में और आपके स्वास्थ्य विभाग अधिकारी रहने के काबिल नहीं हैं कि जो मानव की इस प्रकार की दर्दनाक हालत को सदन से छिपाना चाहते हैं, मंत्रालय से छिपाना चाहते हैं, देश से

Members want to put some very brief questions, a little more time will be given. Two names are there.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): Sir, since it is going to be 5.30, will you be taking up clarifications now and then the Minister will reply or are you going to break the hon. Minister's speech at 5.30?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY): No. We will finish it within ten to fifteen minutes. I hope it wov'd not take much of the time. Then immediately we will take up the clarifications.

SHRIMAIT JAYANTI NATARAJAN): Generally we speak as long as we want, if it does not get too late.

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी : (उत्तर प्रदेश) महोदय, मसला गुर्दे का और सिर्फ दो आदमी और बोलनेवाले हैं दो-दो मिनिट बुलवा दीजिए।

†**مولانا عبیداللہ خان اعظمی:** مہودے۔ مسئلہ گردے کا ہے اور صرف دو آدمی ا ور بولنے والے ہیں۔ دو دو منٹ بلوا دیجئے۔

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): Sir, it is a very important discussion. We would request let other members speak first and then let the Minister reply.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY): No. Now, the Minister will reply. If you are not satisfied then only you can ask questions.

स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्री (श्री ए. आर. अंतुले) : उपाध्यक्ष महोदय डा. जोशी साहब बहुत अच्छी तकरीर करते हैं उनकी विचारधारा भी काफी तेज है और वह इंटलैक्रुअल भी हैं। उन्होंने अपने बयान में जो हकाइक के बारे में कहा, सत्य के बारे में कहा, वह हम कभी छिपाना नहीं चाहेंगे। मैं न बिल्कुल पहले ही दिन इस मंत्रालय में आने के बाद सारे अधिकारियों की मीटिंग में यह कहा था, मैं उसे इस

†[]Transliteration in Arabic Script

सम्माननीय सदन में दोहराना चाहता हूं कि इस मंत्रायल की यह विशेषता रहेगी कि इसमें ट्रांसपेरेंसी रहेगी क्योंकि यह डिफेंस का डिपार्टमेंट नहीं है और न होम डिपार्टमेंट हैं। डिफेंस में बहुत सारे सीक्रेट्स रहते हैं जोकि देश के इंटरेस्ट में नहीं बताए जा सकते और शायद वह पूछे भी नहीं जा सकते। होम डिपार्टमेंट के अंदर भी कुछ सीक्रेट्स हो सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंदर ऐसी कोई चीज नहीं हैं जोकि सम्मनीय सदन से या देशवासियों से छिपाई जा सके और न हम छिपाना चाहते हैं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं पिछले 10 हफ्ते से जाती तौर, पर इस विभाग में अपने दोस्तों के साथ काम कर रहा हूं तकरीबन हर दूसरे-तीसरे रोज मीटिग कर के हम यह कोशिश कर रहे हैं कि हर चीज के अंदर ज्यादा-से – ज्यादा ट्रांसपेरेंसी किस तरह से आए। जोशी जी ने जो मामला उठाया है, बहुत गंभीर है। उसको गंभीर न कहना सूरज की रोशनी से इंकार करना हैं और वह मैं जसारता नहीं कर सकता , न जुर्रत कर सकता हूं। उनके लिए बयान और तकरीर से सियासी हिस्सा, पोलिटिकल भाग अगर अलग किया जाए तो उन्होंने जो कहा है, वह मैं समझता हूं न सिर्फ गौर करने के काबिल है बल्कि अमल में भी लाने के काबिल हैं। चूंकि मैंने पहले ही कहा जो हमें कोई चीज छुपानी नहीं, छुपानी गलत हैं। तो सरकार की नीति इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, यह बात सही है, हांलाकि जोशी जी नहीं मानेंगे यह अगर गुरवत की वजह से हो रहा है तो यह गुरवत बहुत पहले से है, यह गुरवंत गत पांच, दस साल में या पद्रंह साल में नही हुई। यह ट्रांसप्लांटेशन का सिलसिला बहुत उसके पहले से चल रहा है, आर्गन के ट्रांसप्लांटेशन का या इस देश में किडनी या और किसी अंग के बेचने का सिलासिला यह एक वर्ष से शुरू नहीं हुआ । गुरवत से इसका ताल्लुक है, यह सारी हे, लेकिन चूंकि गरीब देश है इसलिए गुरवत की वजह से आदमी को यह बेचना पड़ रहा है, यह कहना . मैं समझता हूं कि थोड़ा दिमाग में या उसके ऊपर यकीन करना मेंरे जैसे आदमी के लिए जो बिल्कुल साफ जेहन और साफ नजर है, मुश्किल लगता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि इस तरह का अगर व्यापार हो रहा है, सौदा हो रहा है तो उसके ऊपर चादर रखकर बंद कर दिया जाए और खुला न किया जाए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने बहुत से पत्रों में, न्यूज-पेपर में आई हुई चीजों का जिक्र किया। मैं यह नहीं कहता कि वर्तमान पत्रों में, न्यूज पेपर में या अखबारों में आई हुई चीजें गलत होती हैं, लेकिन यह भी मैं नहीं कह सकता कि अखबारों में आई हुई हर

चीज सही हो सकती है, लेकिन यह बात भी सही है कि अखबार में कोई चीज छपने के बाद उसके बारे में तह तक जाने की कोशिश शासन को करनी चहिए. मंत्रालय को करनी चहिए । मुझे अफसोस है कि यह चीज अगर नहीं हुई है तो मैं इस बारे में कोई मदाखलत नहीं करना चाहता, कोई डिफंड देना नहीं चाहता। मैं उनमें से नहीं हूं , जो कहे कि शासन ने जो किया है वह हर चीज सही है और सामने बैठे हुए हमारे दोस्त, भाई बहन जो कहते हैं वह सारी चीज गलत है। सही इधर से भी हो सकता है, उधर से भी हो सकता है। गलती इधर से भी हो सकता है, उधर से भी हो सकती हैं। आखिर इस समाज के ही प्रतिनिधि हैं, जिसको हम हिंदवी या हिंद समाज कहते हैं। इस समाज के अंदर जितनी अच्छाइयां या बुराईयां है, उसी रेशों के अंदर अच्छाइयां या बुराइयां हम में आ सकती हैं, चाहे हम इस जगह पर हों या उस जगह पर हों। हम भी उस जगह पर बैठे हुए हैं और वह भी इस जगह पर बैठे हुए हैं। उन्हें याद होगा कि जब वह उस पार्टी के महासचिव थे तब मैं इस पार्टी का महासचिव था। यह सन् 1977 की बात हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, में इसके लिए कोई लंबी और तवील दलील पेश नहीं करूंगा । मैं एकदम से यह कहूंगा कि मैं खुद जोशी जी के साथ बैठकर, यह जो चीज गलत है और जिसको रोकना चाहिए, इसकी रोकथाम के लिए जो आप सुझाव देंगे, वह मेरा मंत्रालय, मैं और मेंरे जो साथी हैं, हम सब मानने के लिए तैयार हैं।

[उपासभाध्यक्ष (श्री. वी. नारायणसामी) पीठासीन हुए]

इस बिल्कुल इसके लिए ऐसा नहीं करेंगे कि चूंकि सुझाव उधर से आ रहा है, इसलिए हम अपनी प्रिस्टेज, सो काल प्रिस्टेज के पर खड़े रहकर कहें कि हम इस चीज को पंसद नहीं करेंगे या नहीं मानेंगे।

उसका नाम न डेमोक्रेसी हो सकता है. न लोकतंत्र हो सकता हैं। इसलिए इतना कहने के बाद मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि चूंकि यह स्टेट सब्जेक्ट है, इस पर्दे के पीछे मैं जाना नहीं चाहता, न मैं छिपना चाहता हूं और न मेरे मंत्रालय को छिपाना चाहता हूं, लेकिन क्योंकि यह स्टेट सब्जेक्ट है इसलिए मैं यह जरूर तवक्कों रखूंगा और कहना चाहूंगा डा. मुरली मनोहर जोशी साहब को कि अभी तक कुछ राज्यों ने इस कानून को लागू नहीं किया हैं, जिसमें हमारा एक राजस्थान है, जिसके चीफ मिनिस्टर मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं। इसी तरह से एक स्टेट गुजरात है, वहां के जो चीफ मिनिस्टर हैं, वे भी मेरे गहरे दोस्त हैं और उनसे मेंरे जाती ताल्लुकात हैं. उन्होंने भी लागू नहीं किया है। तो इसका मतलब यह नहीं है कि चूंकि हमारे डा. साहब की पार्टी की कुछ स्टेट गवर्नमेंट्स ने इसको मंजूर नहीं किया हैं अभी तक और अमल में नहीं लाया हैं इसलिए उसके भी पर्दे के पीछे जाकर, अगर हमारे मंत्रालय में कुछ गलतियां हुई हैं, खामियां हुई हैं, कुसुर हुआ है, वेपरवाही हुई है या गफलत हुई हैं, तो उसके लिए मैं कोई दलील पेश करूंगा । इसलिए मैं कहूंगा कि अगर जरूरत पेश आए और उसके लिए अगर हाउस की कमेटी भी बनानी पड़े, अब इससे आगे तो मैं नही बढ़ सकता और न मैं समझता हूं कि कोई यह कहेगा कि कोई इससे आगे बढ़े तो उसको भी संगठित करके, बनाकर, अध्यक्ष महोदय आपकी अनुमति से, हम इस चीज़ की राह तक जाना चाहते हैं क्योंकि यह एक गंभीर मसला है और इस मसले को हम कभी पसो-पेश में डालना नहीं चाहते और न चाहेंगे बल्कि आपका हमें उसके लिए सहयोग चहिए ताकि हम भी अपना काम ठीक तरीके से कर सकें और यह जो बहुत ही गलत बल्कि जैसा सही आपने कहा, शर्मनाक चीज है कि किसी भी शख्स को आपने ऑगर्न को बेचना पड़े किसी भी वजह से, गुरबत की वजह से कुछ चीजें हुई हैं यह बात सही हैं और कुछ बड़े- बड़े डाक्टर भी इसमें शामिल हैं, यह भी बात ठीक हैं। तो उनको अगर सख्त से सख्त सज़ा देने की जरूरत भी पेश हो, जो कानून के अंदर है, तो उसके अंदर यूनिफार्मिटी लाने के लिए सारे स्टेट के अंदर चूंकि यह स्टेट सब्जेक्ट है, डा. साहब हम और वे चाहेंगे और हम चाहेंगे कि 5,10, 15 लोग माननीय सदस्य और बाहर के भी अगर बैठे और कमेटी का गठन करने से अगर इस मसले को हम हल कर सकते हैं, उसकी राह तक जा सकते हैं तो हम जाएंगे।

रहा सवाल अभी तक जो चीज़ें आई, उसके बारे में क्यों नहीं एक्शन लिया गया? मुझे इसका नोटिस जब मिला तब पता चला,लेकिन मैं मंत्रालय की तरफ से सफाई पेश करना नहीं चाहता और न चाहूंगा। मैंने आज तक कभी भी, जिस भी हैसियत से काम किया हो, कभी भी गलत सफाई पेश करने की कोशिश नहीं कि। इसलिए, अध्यक्ष महोदय, मैं यह अनुरोध करूंगा कि हम आपस में बैठकर इस एक बीमारी को जो हमारे समाज की लगी हैं, बदकिस्मती से कुछ लोगों की वजह से जो घटनांए हुई हैं, जो पाप हुए हैं, उसकों दूर करने के लिए जो भी कदम उठाए जांए, उस कदम में इस शासन को आप पीछे नहीं पांएगे बल्कि आपके साथ कदम-ब-कदम शाना-ब-शाना ,हाथ में हाथ डालकर

चलते हुए आप देखेंगे। इस वक्त मैं इतना ही कहना चाहता हूं इसलिए कि दलील की दलील देकर कोई प्वाइंट या स्कोर सैटल करने वाली बात इस जगह पर मैं कहना नहीं चाहूंगा और न ही कहूंगा और न यह मेरी फितरत है, न यह मेरा नेचर हैं। इसलिए इस चीज के बारे में मैं यही कहूंगा, अध्यक्ष महोदय, कि हमारे मुरली मनोहर जोशी साहब और हम बैठकर इस सिलसिले में जिन हजरात में जिन महोदय में जिन स्वातीन से, जो हमारी बहनें हैं, उनसे जो हमें * मदद मिल सकती है, उनसे मदद लेकर अगर हम इस बीमारी को हिन्दुस्तान से बाहर कर सकें तो यह बहुत बड़ी चीज़ होगी और मैं समझता हूं कि डा. मुरली मनोहर जोशी साहब ने इस चीज को आज इस जगह पर शुरू करके, एक बहुत बड़ा कदम उठाकर शासन की भी सहायता की, समाज की भी सहायता की और मैं समझता हूं कि बहुत ही गलत चीज जो हो रही हैं, शर्मनाक चीज हो रही हैं, गलत ही नहीं, उसकी रोकथाम के लिए उन्होंने कदम उठाया हैं। यही मैं कहूंगा और मुझे यकीन है कि डा. साहब की इससे तसल्ली और तशल्ली हो जाएगी।

